


## एक नजर

### भ्रष्टाचार, मनमानी का अड्डा बना नौडीहा प्रखंड



**नौडीहा बाजार।** प्रखंड परिसर में हल्का कर्मचारी, अंचल बड़ा बाबू द्वारा जमीनी मामला में भ्रष्टाचार व मनमानी किया जा रहा है। बता दे कि भूमि से जुड़े ऐसा एक मामला सामने आया है। प्रखंड अंतर्गत पंचायत नावाटांड़ ग्राम हरिना निवासी 65 वर्षीय वृद्ध पूर्व शिक्षक जानकी यादव ने नौडीहा प्रखंड में हल्का कर्मचारी सह प्रखंड के बड़ा बाबू पर भ्रष्टाचार, मनमानी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कई महीनों पहले से पैसा देने के बावजूद जमीन का म्यूटेशन नहीं हो पा रहा है। मनमानी, भ्रष्टाचार का प्रखंड अड्डा बना गया है। जानकी यादव ने बताया कि म्यूटेशन ऑनलाइन करने के नाम पर पैसा पहले वसूली कर लिया जाता है। फिर म्यूटेशन अपील फॉर्म जमा ले लिया जाता है। इसके बाद जमा फॉर्म को पर कुछ नहीं किया जाता है। जब रिसीविंग के लिए लाभुक खोज करते हैं, तो अपनी तानाशाही दिखाते हैं। बातों को हेर-फेर कर लाभुक को घर वापस जाने को कहते है। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी अब तक सुधार नहीं किया गया है।

### कुएं में गिरने से हिरण की मौत

**पांकी।** थाना क्षेत्र के गरिहारा गांव स्थित केवाल टोला के कुएं में गिरकर हिरण घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से वनकर्मियों ने हिरण को बाहर निकाला। लेकिन शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गयी। वन विभाग ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेजा है। मालूम हो कि देश में भीषण गर्मी और हीट वेब प्रकोप जारी है। झारखंड वासियों का भी गर्मी से हाल बेहाल है। लू लगने से अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं हीट वेब की वजह से पशु-पक्षियों का भी हाल बेहाल है। इस भीषण गर्मी में पानी की तलाश में वो इधर-उधर भटक रहे हैं। कुएं या तलाब में पानी पीने के दौरान डूबकर उनकी मौत भी हो जा रही है। कुछ दिन पहले पलामू जिले के पांकी मुख्यालय से तीन किलोमीटर दूर सोरठ जंगल के पास भी कुएं से 35 बंदरों का शव मिला था। शव को देखकर आशंका जतायी गयी थी कि बंदर पानी की तलाश में कुएं में कूदे होंगे। लेकिन वो बाहर नहीं निकल पाये और पानी में डूबकर सभी की मौत हो गयी।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, ढ़ाई घंटा एनएच जाम

# प्रावधान के तहत उचित मुआवजा मिलेगा : सीओ

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के जोड़ा गांव में पिकअप वैन रोककर व्यवसायियों को उतार रहे चालक 32 वर्षीय विरेन्द्र प्रसाद को पीछे से दूसरे पिकअप वैन ने रौंदा दिया। इससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके से भाग रहे हैं पिकअप वाहन को पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस चालक को हिरासत में लेकर थाना ले आयी। शनिवार को चालक के शव का पोस्टमार्टम एमएमसीएच में कराया गया। घटना शुक्रवार रात 8:30 बजे की है।

पोस्टमार्टम कराने के बाद ग्रामीणों ने रांची रोड में दुलसुलमा के पास एनएच 39 को जाम कर दिया। सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, थाना प्रभारी अंचित कुमार, प्रदेश भाजपा महामंत्री मनोज सिंह ने ढाई घंटे बाद जाम समाप्त कराया। इस दौरान दोनों ओर दो किमी लंबी छोटे बड़े वाहनों की कतार लगी रही। सीओ ने बताया कि पारिवारिक लाभ योजना तथा अन्य योजनाओं के बारे में लिखित आश्वासन देने के बाद जाम समाप्त कराया गया। जाम के दौरान महिलाएं काफी उग्र थी। मृतक युवक रांची रोड ग्राम दुलसुलमा का निवासी था। पत्नी जेएसएलपीएस में क्लस्टर अध्यक्ष है। बताया जाता है कि लातेहार के मनिका बाजार कराने के बाद रांची रोड एनएच 39 पर जोड़ा गांव में पिकअप वैन रोककर चालक वीरेंद्र प्रसाद (32) पिता राजा साव व्यवसाईयों को उतार रहा था। इसी क्रम में पीछे से आए दूसरे पिकअप वैन ने उसे रौंद डाला, जिससे पिकअप वैन के डाला और पीछे से आ रहे वैन के चेचिस में चालक फंस गया। धक्के के बाद 20 मीटर के करीब वैन अनियंत्रित होकर ढलान में ढल गया था। चालक के बगल में बैठे युवक ने वाहन की स्टेरिंग नियंत्रित करके ब्रेक लगाकर गाड़ी को रोका। घायल अवस्था में वीरेंद्र को तुंबागड़ा नवजीवन अस्पताल ले जाया गया। 4 घंटे तक वेंटिलेटर पर इलाज चलने के बाद उसने दम तोड़ दिया। इस दौरान पीछे से धक्का मारने के बाद चालक पिकअप वैन को लेकर डालटनगंज की ओर फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने पीछा करके चालक को पकड़ कर वैन को जब्त कर लिया।





## पुलिस नशा मुक्ति अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक



नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नावाजयपुर के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र बूढ़ी बुका में नशा मुक्ति अभियान को लेकर नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय के नेतृत्व में पोस्टल के माध्यम से नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी ने नशा से मुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक किया। लोगों को बताया कि नशा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। कई लोग नशा का शिकार होने से मृत्यु हो जाती है। नशा कई प्रकार के जहरीले पदार्थ को मिलाकर बनाते हैं। जिससे शरीर पर गहरा प्रभाव पड़ता है। ग्रामीणों से मिलकर संवाद किया। महिलाओं, बुजुर्ग बच्चों के बीच बिस्कुट का भी वितरण कर ग्रामीणों को नशा से मुक्ति के लिए जागरूक किया।

## एसडीओ ने मिडिल स्कूल का किया निरीक्षण बच्चों की ली क्लास, एमडीएम मिला बंद

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में एसडीओ पीयूष सिंहा ने शनिवार को शहर के राजकीय मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सरकार द्वारा मुहैया कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मध्यान्ह भोजन के बारे में जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि चावल के अभाव में मध्यान्ह भोजन बंद। शनिवार को चावल उपलब्ध कराई गई हैं। प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी। बच्चों से किताब के बारे मे जानकारी ली। बच्चों ने बताया कि अब तक किताब नहीं मिला है। एसडीओ ने विद्यालय की साफ-सफाई आदि स्थिति का भी अवलोकन किया। साथ ही कई कक्षा में बच्चों से विषयगत प्रश्न पूछा। उन्होंने अलग कक्षा में अलग-अलग विषयों के बारे में सीखने के टिप्स दिए। विद्यार्थियों को मन लगातार पढ़ने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि आज ईमानदारी पूर्वक मेहनत करेंगे, तब कल बेहतर परिणाम होगा। प्रतिदिन नियमित पढ़ाई करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि अच्छी मेहनत के साथ सुंदर लिखावट भी जरूरी है। डे बाई डे अपनी शिक्षण स्थिति को सुधरने के लिये काम करें। उन्होंने बताया कि अपने मेहनत का स्वंय अवलोकन करें। उन्होंने शिक्षकों को बेहतर व सरल शिक्षण देने की बात कही। वहीं शैक्षणिक माहौल कायम व बेहतर प्रबंधन की दिशा में पहल करने के लिए कई निर्देश दिया।



## न्यूज बॉक्स

### व्यवसायी से सोना-चांदी की लूट



**छतरपुर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लुटरों ने लगभग 4 लाख का ज्वेरात लूट लिया। अयांश फैंसी ज्वेलर्स दुकान के मालिक चंदन कुमार सोनी ने बताया कि उनका दूकान छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के शंकर साव के मकान मदनपुर में है। जपला छतरपुर-मुख्यपथ से शाम को लगभग 7 बजे छतरपुर अपने घर जा रहा थे। ऊंटवानाला के समीप जैसे ही पहुंचे वैसे ही पीछे से होंडा साइन बाइक से तीन लुटरे पिस्टल निकाल कर कनपटी में सटा कर पहले बाइक का चाभी छिना लिया। इसके बाद मोबाइल, बैग में रखा 60 ग्राम सोना, 3 केजी चांदी को छीन कर जपला रोड की ओर भाग निकले। भुक्तभोगी ने बाइक को पैदल ही लेकर छतरपुर में पहुंचा। छतरपुर थाना को सूचना मिलते ही एसआई राहुल कुमार व अन्य पुलिस के बल के जवानों में लुटेरों पीछ किया लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। राहुल कुमार ने बताया कि दुकानदार से मोबाइल छीन गया था, उसका लेकेशन छतरपुर उदयगढ़ मोड़ उसके बाद कुछ और आगे तक बताया। चंदन कुमार सोनी मूल रूप से बिहार के रोहतास जिले शिवसागर थाना के मंलवार गांव के रहने वाला है। फरवरी माह में जेवर का दुकान खोला था। फिलहाल छतरपुर मुख्यालय के गोलक्ष्मी पर किराए के मकान में रहता था।

### रोड पर बह रहा गंदा पानी, आवागमन में हो रहे हैं परेशानी

**हुसैनाबाद।** स्थानीय नागरिकों ने हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर हुसैनाबाद के संपूर्ण बंशी बिगहा (जपला-पथरा रोड) में आदर्श हॉस्पिटल, नवजीवन हॉस्पिटल, अन्य घरों के दोनों ओर सड़क के उपर मिट्टी भरकर नाली बहाया जा रहा है, जिससे आम लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि सड़क की चौड़ाई अतिक्रमण के कारण दिन प्रतिदिन संकीर्ण हो रही है। आवेदन में कहा गया है कि जपला पथरा सड़क हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पिपरा व हरिहरगंज को जोड़ती है। लोकहित में यह सड़क काफी महत्वपूर्ण है, जो तीन प्रखंडो की घनी आबादी को लाभान्वित करती है। सड़क किनारे जानवर बांधना, नाली का गुंदा पानी बहाना, ओटा बनाना अन्य व्यवधान डालना आम हो गया है। स्थल निरीक्षण से स्पष्ट हो जाएगा। यह क्षेत्र नगर पंचायत अन्तर्गत है। मकान मालिकों के द्वारा नंगर पंचायत के गाइडलाइन के अनुसार ही मकान निर्माण किया होगा। साथ ही, सरकार द्वारा निर्धारित होल्डिंग टैक्स भी नियमित रूप से जमा किया जा रहा होगा। एक तरफ सरकार स्वच्छता जागरूकता अभियान रथ चला रही, दूसरे तरफ खुलेआम गंदगी फैलाये जाने की गवाही नगर पंचायत हुसैनाबाद दे रहा है। आवेदन में कहा गया कि यदि नगर पंचायत नाली नहीं बनवा सकती है, तो कम से कम मकान मालिकों को नोटिस भेज कर सोख्ता तो बनवा दे, जिससे आवागमन स्वच्छता पूर्वक किया जा सके। ध्यान देने योग्य बात है कि इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी, हुसैनाबाद को भी आवेदन समर्पित किया गया था। मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई। नागरिकों ने कहा है कि पूरे बंशी बिगहा में सड़क के किनारे नाद, दोनों ओर से भरे गये मिट्टी हटाने एवं नाली संबंधी समस्या का निराकरण करते हुए अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है।

### आंधी-तूफान से किसानों को काफी नुकसान

## तेज आंधी से उखड़े सौर ऊर्जा के पैनल

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** पिछले दिनों हल्की बारिश, आंधी व तूफान के कारण किसानों को नुकसान पहुंचाया। प्रखंड क्षेत्र के रामपुर गांव में किसान देवेंद्र कुमार सिंह के खेती के लिए सरकार द्वारा प्राप्त सुदृढ़ीकरण मद का लगे सौर ऊर्जा पैनल उड़कर क्षतिग्रस्त हो गया है। सौर ऊर्जा प्लेट उखड़कर टूट फूट गया। किसान ने सिंचाई के लिए सरकार द्वारा प्राप्त सौर ऊर्जा पैनल व पम्प को लगवाया था। क्षतिग्रस्त होने के कारण किसान को लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। साथ ही किसान का घर का एलवेस्टर, बाउंड्री भी क्षतिग्रस्त हो गया। किसान ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। बारिश के कारण इसी गांव के किसान अकालू सिंह, शीलू सिंह सहित कई किसानों के खेत में लगी मूंग की फसल बरबाद हो गयी। कई पेड़ भी उखड़ गए हैं। किसानों ने बताया कि आर्थिक नुकसान के साथ आगामी व्यवस्थाएं भी पूरी तरह से गड़बड़ा गया है।



### आजसू पार्टी ने मनाया स्थापना सह बलिदान दिवस

## राज्य सरकार में प्रखंड स्तर पर भ्रष्टाचार : पूर्व विधायक

**अपना सुदेश सहायता केंद्र खोला गया, जो 24 घंटे सेवारत होगा**

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** झारखण्ड राज्य के हर प्रखंडो में शनिवार को आजसू पार्टी ने स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। हुसैनाबाद में बंशी बिगहा स्थिति पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के आवास सह पार्टी कार्यालय में एक भव्य कार्यक्रम कर मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी व संचालन मनोज शर्मा व अक्षय मेहता ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत, पूर्व विधायक व पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता व जिला सचिव जीतेन्द्र विश्वकर्मा, अरविन्द सिंह, मसिर खान, अयोध्या सिंह टिकैत आदि सभी कार्यकर्ताओं ने झारखण्ड आंदोलन के महान स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय शहीद निर्मल महतो के तस्वीर पर पुष्पर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। मौके पर पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता ने कहा झारखण्ड राज्य की स्थापना निर्मल महतो के बलिदान पर मिला है। आजसू पार्टी कोई राजनीतिक पार्टी नहीं बल्कि आंदोलनकारियों के सिद्धांत पर इसकी नीव रखी गयी हैं। जिसका उद्देश्य राज्य में गांव का विकास हो व गांव की सरकार चले। मौके पर इस्ताहार खान, अरविन्द चौधरी, राजकुमार मेहता सहित दर्जनों लोग आजसू पार्टी में शामिल हुए। बलिदान दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी के कार्यालय में सुदेश सहायता केन्द्र खोला गया। जिसमें सभी तरह के सहायता के लिए 24 घंटा सेवा की जाएगी। कार्यक्रम में दिनेश मेहता, मुकेश मेहता, अवधेश मेहता, गणेश चौधरी, रामजी पासवान, अजित सिंह, सुबोध मेहता, रामराज पासवान, अरुण चंद्रवंशी, बलदेव भुइंया, ओमप्रकाश राम, सुरेश मेहता, अजय मेहता, अनिल अवधेश, ललिता देवी, रीता देवी, कलावती देवी, मानता देवी, सोनमती देवी, सनोज गुप्ता, कृष्णा पासवान, नरेश मेहता सहित हजारों महिला व पुरुष कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।



### पहल

### पंचायतवार आयुष्मान कार्ड बनाने का काम शुरू

# सर्वर कमजोर रहने से परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** उपायुक्त शशिरंजन के निर्देश के आलोक में हैदरनगर प्रखंड में पंचायतवार व पंचायत भवनों में आयुष्मान कार्ड बनाने की तिथि निर्धारित कर दिया गया है। शनिवार को इस निमित हैदरनगर पूर्वी, संड़ेया व बरडंडा पंचायत में कैंप लगाया गया है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार ने बताया कि आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के आच्छादन से वंचित ग्रामीणों का तय रोस्टर के बाद पुनः तिथि निर्धारण कर उनके पंचायत में कैंप लगाकर इस कार्य को पूरा किया जायेगा। सीएचसी के बीपीएम विभूति कुमार ने बताया कि तय तिथि अनुसार 21 जून को हैदरनगर प्रखंड के इमामनगर, बिलासपुर व मोकहर कला पंचायत सचिवालय में कैंप तो लगाया गया। सर्वर काफी खराब रहने से इस कार्य में सफलता नहीं मिली है। इससे शत प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करने में परेशानी व बाधा आ रही है। इन पंचायतों में पुनः कैंप लगाने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व वार्ड सदस्यों से कार्य में सहयोग कर अधिक से अधिक ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनवाने का अग्रह किया है। इससे पांच वर्षों के लिये मान्य इस कार्ड से पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज गरीबों को हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिये 23 जून को हैदरनगर पश्चिमी, परता, कुकही, बभंडी, चौकड़ी व खरगाड़ा पंचायत सचिवालय में शिविर लगाने का कार्यक्रम तय है। इस कार्य की सफलता के लिये संबधित पंचायत के स्वास्थ्य सहिया, सीएससी केन्द्र के संचालकों को लगाया गया है।



### आंगनबाड़ी सेविका की बहाली में भ्रष्टाचार हुआ तो उग्र आन्दोलन होगा : झाक्रां मंच

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु, मंच के केन्द्रीय संयुक्त सचिव युगल किशोर राम व मंच के केन्द्रीय सदस्य संजय कुमार राम ने आज मेदिनीनगर के पटेल नगर स्थित आवासीय कार्यालय पर संयुक्त प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा है कि पलामू जिले के लगभग 98 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 20 जून से 13 जुलाई तक आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं के चयन प्रक्रिया शुरू है। अगर इसमें भ्रष्टाचार को अंजाम देकर मनमाने बहाली की गई तो झारखण्ड क्रांति मंच के द्वारा उग्र आन्दोलन करेगा। जेकेएम के नेताओं ने आरोप लगाया कि इन नियुक्तियों में पर्यवेक्षिका व सीडीपीओ की मिलीभगत से लाखों रुपए के लेन-देन कर सेविकाओं और सहायिकाओं की नियुक्ति की आशंका है।

## महिला ने न्याय के लिए लगाई गुहार

मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर:** सदर प्रखंड के सुआ कौड़िया पंचायत अंतर्गत चुकरु की रहने वाली 36 वर्षीय महिला गीता देवी ने अपने पति विजय यादव पर मारपीट कर घर से भगाने का आरोप लगाते हुए महिला थाने में न्याय के लिए गुहार लगाई है। गीता का कहना है कि उसकी शादी वर्ष 2006 में हुई थी, उसका एक पुत्र 14 वर्ष का है तथा दूसरा 12 वर्ष का। उसके पति शराब पीकर भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए मारपीट किया करता था। जिससे अजीज आकर वह अपने मायके चली गई। इसके बाद उसके पति ने उसे वापस बुलाना भी मुनासिब नहीं समझा। और तो और एक युवती से शादी करने की भी तैयारी में लगा हुआ है। वह बताती है महिला थाना तथा सदर थाना में वह न्याय मांगने गई परंतु उसे न्याय नहीं मिला। उसके बाद उसने पलामू एसपी से भी मुलाकात कर अपनी समस्या एसपी रीश्मा रमेशन के निर्देश पर उसके मामले को महिला थाने को दे दिया गया लेकिन पिछली बार 13 जून को महिला थाने में आवेदन दिया गया था लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्यवाई नहीं की गई।

इस संबंध में जानकारी लेने पर महिला थाना प्रभारी महिला थाना प्रभारी रूपा बाखला ने बताया कि महिला के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। महिला ने खुद ही समझौते की बात कही है। महिला तथा उसके पति के बीच सुलह करते हुए समझौता पूर्व के प्रभारी द्वारा कराया गया था। जिसके बाद पुलिस उसके पति को बुलाकर समझौता कराने का प्रयास कर रही है। अगर फिर भी मामले में समझौता नहीं हो पाता तो महिला के आवेदन के आधार पर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।


डॉ. श्वेता सिंह
BDS, MDS, Esthetic & Dental Surgeon
Trained Fellow in
Esthetic &Conservation Dentistry
Periodontist & Oral Implantologist

SMILE KRAFT DENTAL CLINIC
स्माईल क्राफ्ट दांतों का अस्पताल
बहु-विशिष्ट दन्त चिकित्सालय | Multi Speciality Dental Clinic
A SEPARATE UNIT FOR DENTAL IMPLANT WITH HIGH QUALITY OF STERLIZATION
टेढ़े-मेढ़े दांतों को क्लिप एवं तार से सीधे करने के विशेषज्ञ डॉक्टर

FACILITIES AVAILABLE
• Digital OPG Facility Available in Clinic (Full Mouth X-Ray)
• Single Sitting RCT
• Dental Implant 15000*
• अत्याधुनिक मशीनों से इलाज
इलाज किसी भी उम्र में सम्भव है



टूटे हुए जबड़े का इलाज होता है

DENTAL LASER Blood Less, Painless Surgery
• इनविजिबल क्लिप • दंत रोपण • स्माईल डिजाईन • पायरिया का इलाज • अत्याधुनिक तकनीक द्वारा इलाज • आर.सी.टी. • टेढ़े-मेढ़े दांतों का इलाज • ऑर्थोडोंटिक ट्रीटमेंट • फिक्स डेंचर
सेवा सदन के बगल में, डॉ. विजय सिंह के आवास पर, डालटनगंज | 7762926170 | 7979933143


डॉ. विनीत कुमार सिंह
BDS, MDS, MIOS
HOD and Prof. VDCH Garhwa
AOI Life Member, Fellowship in Academy of Oral Implantology, Orthodontist & Oral Implantologist


## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिला के नगर में सड़क दुर्घटना में रेणुकूट के रहने वाले बाल गोविंद व बिगन पासवान सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। आस पास के ग्रामीणों ने दोनों को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार बाल गोविंद अपने एक दोस्त बिगन पासवान के साथ नगर रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। दुर्घटना में बाल गोविंद का बांया पैर व बिगन का बायां हाथ टूट गया।

### कर्मचारी संघ की बैठक 25 को

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड राज्य चतुर्थवर्गीय सरकारी कर्मचारी संघ पलामू शाखा की बैठक 25 जून की शाम तीन पलामू समाहरणालय स्थित जिला उपभोक्ता फोरम के परिसर में आयोजित की गई है। बैठक में सेमिनार आयोजित करने व स्वागत समिति के पदाधिकारियों का चुनाव करने के संबंध में चर्चा की जाएगी। यह जानकारी जिला सचिव विवेक कुमार शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में सभी सदस्यों से निश्चित रूप से भाग लेकर अपना विचार रखने का आग्रह किया है।

# पलामू के ज्वलंत समस्याओं को लेकर भाजपा का आक्रोश मार्च

## समाहरणालय पर प्रदर्शन, सरकार विरोधी नारेबाजी की

**नवीन मेल संवाददता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा ने जिले में बिजली, पानी को लेकर मचे हाहाकार, बालू, खाद-बीज की किल्लत व चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था लेकर शनिवार को आक्रोश रैली निकाल कर समाहरणाल पर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी की गई। आक्रोश रैली रेड़मा काली मंदिर के सामने सिंचाई विभाग के मैदान से निकल कर रेड़मा चौक, ओवर ब्रिज होते समाहरणालय पहुंची। आक्रोश रैली का नेतृत्व डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, पांकी विधायक डा. शशिभूषण मेहता, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी कर रहे थे। पांकी विधायक डा. शशि भूषण मेहता ने कहा कि चंपाई सोरेन सरकार पर कई तरह के संगीन आरोप लगा है। राज्य सरकार जनता के लिए सबसे जरूरी बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य सुविधा देने में विफल रही है। भीषण गर्मी में बिजली, पानी नहीं मिलने से आम लोग परेशान हैं। छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि झारखंड में खनिज संपदा की लूट मची है। रघुवर सरकार में जहां रोज 22 घंटे बिजली मिलती थी। चंपाई सोरेन के शासन में जनता पानी, बिजली के लिए त्राहिमाम कर रही है। प्रदेश मंत्री मनोज सिंह ने कहा कि पलामू में बिजली की कटौती व बूंद-बूंद पानी के लिए लोग तरस रहे हैं। पलामू चारों ओर से नदियों से घिरा है। फिर भी लोग बालू के लिए तरस रहे हैं। झारखंड का बालू सरकार बाहर भेज कर बेच रही है। सारा निर्माण कार्य ठप पड़ा है। स्थानीय मजदूर पलायन करने पर मजबूर हो गए हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि सरकार महिला, किसान, मजदूर विरोधी है। लोग भीषण गर्मी से परेशान है। ऊपर से नहाने के लिए तो दूर पीने के लिए पानी भी नहीं मिल रहा। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य डा. ईश्वर सागर चंद्रवंशी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद सिंह, अविनाश वर्मा, अजय तिवारी, विभाकर नारायण पांडेय, कर्नल संजय सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्याम नारायण दुबे, उदय शुक्ला, दुर्गा जौहरी, पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह, विजय ओझा, जिला उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, सुनील पासवान, अरविंद सिंह, सुरेंद्र विश्वकर्मा, ज्योति पांडेय, अभिमन्यु तिवारी, शिवकुमार मिश्र, सोमेश सिंह, धीरेंद्र दुबे, विजय ठाकुर, रूपा सिंह, सीटू गुप्ता, मंजू गुप्ता, पिंकी विश्वकर्मा, सुमन सिंह, रूबी सिंह, शंकर गुप्ता, अविनाश सिंह छोटू, सुनील पांडेय, शशि भूषण पांडेय, जवाहर चंद्रवंशी, विजय पाठक, बबन राम, अमरेश तिवारी, संजय सिंह, संतोष पांडेय, राकेश पांडेय, रामनरेश यादव, महादेव प्रसाद यादव, बल्लू बलराम, प्रेम सागर सिंह, सुशील ठाकुर, शंभू पासवान, सिकंदर चौधरी, अजीत चंद्रवंशी, अमित शर्मा, जितेंद्र तिवारी, शत्रुघ्न सिंह, अजीत चंद्रवंशी, संतोष पांडेय, भोला पांडेय सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।




### राज्य में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है : विधायक

डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि आक्रोश प्रदर्शन के बाद भी राज्य सरकार बिजली, पानी, बालू, खाद्य-बीज, स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार नहीं करती है तो इससे भी बड़ा आंदोलन भाजपा करेगी। उन्होंने कहा कि लोग घर बनाने के लिए भी बालू खरीद रहे हैं तो स्थानीय प्रशासन उनको पड़कर पैसा वसूली कर रही है। राज्य में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। अंचल कार्यालय में बिना पैसे दिए कोई काम नहीं होता है।

## न्यूज बॉक्स

### समग्र,संतुलित व्यक्तित्व के विकास के लिए योग जरूरी : अविनाश देव

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संत मरियम स्कूल में उत्साह के साथ मनाया गया योग दिवस। भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में पूरे धूमधाम से योग दिवस मनाया गया। योग दिवस के अवसर पर नावाटोली स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय में भी पतंजलि योगपीठ के योग प्रशिक्षक राजीव शरण के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया। हालांकि संत मरियम आवासीय विद्यालय में प्रतिदिन छात्रवास के बच्चों को योगाभ्यास कराया जाता है। बच्चों को प्रतिदिन सीमित समय के लिए ही योगाभ्यास कराया जाता है, लेकिन योग दिवस के अवसर पर यह अभ्यास शिथिलीकरण अभ्यास, ग्रीवा चालन, स्कंच संचालन, कटि, चालान, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षआसन, पादहस्तासन, आर्च चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, बजरासन, अर्थ उष्ट्रासन, उष्ट्रासन सहित योग के विभिन्न योगाभ्यास विशेष रूप से संपन्न हुआ। सभी ने संकल्प लिया कि प्रतिदिन योगाभ्यास करेंगे और अपने मन मस्तिष्क को स्वस्थ रखेंगे। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने योग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि समग्र एवं संतुलित व्यक्तित्व के विकास के लिए योगाभ्यास जरूरी है। यह बिना किसी लागत के तन-मन को राहत प्रदान करता है। यह तन के संयोजन व मन के परिष्करण में सहायक है। वर्तमान समय के भागदौड़ भरी जिंदगी में योग के लिए समय निकालना आवश्यक है। तमाम बंधनों वर्जनाओं को तोड़ योग आज दुनिया भर में लोकप्रिय हो रहा है। भारतीय योग दर्शन के जनक महर्षि पतंजलि की ओर से इस वसुधा को प्रदत यह एक अनमोल उपहार है। स्वास्थ व सुकून के लिए इसे साल में एक दिन नहीं बल्कि हर दिन अपनाया जाना चाहिए। ताकि मन मस्तिष्क को सबल व सुदृढ़ कर जीवन के चुनौतियों, प्रतिकूलताओं तथा विषमताओं का सामना कर सके।

### कांग्रेस का शिष्टमंडल मिला डीईओ से, सौंपा आठ सूत्री मांग पत्र

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस का शिष्टमंडल शनिवार को पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी से भेंट कर आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से कहा गया कि गैर सरकारी विद्यालय जो कृषि कार्य के नाम पर जमीन क्रय कर व्यावसायिक उपयोग में ला रहे है, उससे सरकार की राजस्व की क्षति हो रही है। वैसे सभी गैर सरकारी विद्यालय व्यवसायिक राजस्व निर्धारित कर कर सरकार को व्यावसायिक राजस्व दें। सभी विद्यालयों में एमएड, बीएड ट्रेंड टीचर का व्यवस्था हो। सरकारी, गैर सरकारी स्कूल बसों में सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन यंत्र लगाना सुनिश्चित करें। निजी विद्यालयों में गरीब छात्रों के लिए 25 प्रतिशत आरक्षित सीट पर जांच कर शत प्रतिशत सीट पर नामांकन कराया जाय। इसकी सूची भी विद्यालय वार सार्वजनिक किया जाए। साथ ही बहुत सारे निजी विद्यालयों का भवन सरकारी नियमों को ताक पर रखकर बनाया जा रहा है। वहां पर कोई भी सुरक्षा का मापदंड का पालन नहीं किया जा रहा है। एक्सलेंस ऑफ सीएम स्कूल अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में शिक्षण कार्य संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। सरकारी विद्यालयों में बिजली की समुचित व्यवस्था व पंखा उपलब्ध कराया जाये, जिससे छात्रों को पढ़ाई के दौरान भीषण गर्मी से निजात मिल सके। इसके अलावा निजी विद्यालयों के अधीन सभी बसों में छात्रों को ओवरलोड बैठाकर तेज रफ्तार से बसों को चलाने वाले बसों पर अंकुश लगाया जाय। सभी विद्यालयों में एमडीएम के भोजन को मीनू वार बनवाने की व्यवस्था किया जाए। मौके पर प्रमुख रूप से शमीम अहमद राइन, वरिष्ठ नेता गिरजा राम, मिथिलेश कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, रिजवान खान, रूद्र शुक्ला, सोनू खान,अमुक प्रियदर्शी, संतोष गुप्ता उपस्थित थे।

### पेड़ गिरने से घायल पुलिस जवान नित्यानंद महतो की मौत



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन में कुछ दिनों पहले पेड़ गिरने से तीन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद सभी को इलाज के लिए एमएम्सीएच में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने पुलिस जवान नित्यानंद महतो की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखकर बेहतर इलाज के लिए दिल्ली एम्स रेफर कर दिया था। दिल्ली एम्स रेफर होने के बाद पुलिस के अन्य पदाधिकारियों द्वारा एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए दिल्ली एम्स भेजा गया था। वहां इलाज के क्रम में शनिवार को उनकी मौत हो गई। वहीं उनकी मौत के बाद से पुलिस महकमे में गम का माहौल है।

# एनएसयूआई व झामुमो छात्र मोर्चा ने परीक्षा नियंत्रक का पुतला फूंका



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एवं झामुमो छात्र मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय का घेराव कर परीक्षा नियंत्रक का पुतला फूंका। मौके पर एनएसयूआई के पूर्व जिला अध्यक्ष व झारखंड युवा कांग्रेस महासचिव अभिषेक तिवारी ने कहा कि परीक्षा नियंत्रक के मनमानी के कारण हजारों छात्रों का भविष्य अंधकार में चला गया है। जेनेरिक की परीक्षा, सेमेस्टर 1, बैकलॉग समेत 8 परीक्षा रद्द कर दी गई। यह परीक्षा 24 जून से होनी थी, जिससे छात्रों में भारी आक्रोश है। जेनेरिक की परीक्षा देने काफी दूर दराज से छात्र-छात्राएं शहर में पहुंचते हैं। अचानक परीक्षार्थियों को परीक्षा स्थगित होने की सूचना मिली। इसके बाद एनएसयूआई पलामू जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने छात्रों के साथ मिलकर नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय पहुंचकर परीक्षा नियंत्रक से मिलना चाहा, लेकिन परीक्षा नियंत्रक अपने विभाग से गायब थे। इसके बाद कुलसचिव से जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया। कुलसचिव ने कहा कि छात्र-छात्राओं के परीक्षा संबंधित विषयों की जवाबदेही उनकी नहीं है। उन्हें छात्र-छात्राओं से कोई लेना-देना नहीं है। इसके बाद एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय के मुख्य गेट पर छात्र हित में नारेबाजी कर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। प्रदर्शन की सूचना पर विश्वविद्यालय के कुलानुशासक ने पुलिस बल दम पर छात्रों को विश्वविद्यालय से हटाने का प्रयास किया, मगर उग्र छात्र परीक्षा नियंत्रक से मिलने की मांग पड़े रहे। मौके पर आशीष कुमार ठाकुर, सैयद फैजल, हसीन बिस्मिल, सत्य प्रकाश कुमार, ओमप्रकाश त्रिपाठी, टिंकू आनंद, सूर्य सिंह अभिनव तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

### अझाछासं ने विवि के मुख्य गेट में ताला बंद कर प्रदर्शन किया

**मेदिनीनगर।** अखिल झारखण्ड छात्र संघ ने शनिवार को नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों को बहार कर विश्वविद्यालय के मुख्य गेट में ताला बंद दिया। संघ के पदाधिकारी अन्य छात्रों के साथ मांगों के समर्थन में विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर धरना दिया। मौके पर छात्रों ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने मनमाने ढंग से पदाधिकारियों द्वारा संचालित हो रहा है। जब मन किया परीक्षा तिथि घोषित कर दिया। जब मन किय स्थगित कर छात्रों को परेशान कर दिया जाता है। सत्र 2023-27 व 2022-26 की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा सोमवार से शुरू होना था। शनिवार को उसे अचानक रद्द कर दिया गया। इससे छात्रों में आक्रोश है। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय छात्रों के भविष्य के प्रति गंभीर नहीं है। आजसू छात्र नेता अभिषेक राज ने कहा कि विश्वविद्यालय से कई बार एनसीसीएफ की शिकायत कर चुके थे। उससे कार्यभार लेने की मांग किया गया था। मगर विश्वविद्यालय प्रसाशन ने कभी इससे गंभीर रूप से नहीं लिया। मौके पर राहुल मिश्रा, समीर तिवारी, प्रवीण,आशुतोष, कार्तिक सहित दर्जनों छात्र उपस्थित थे।

# कवि हरिवंश प्रभात को मिलेगा 2024 का 'झारखंड गौरव सम्मान'

**नवीन मेल संवाददता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रपति पुरस्कार से अलंकृत शिक्षक हसह कवि हरिवंश प्रभात को वर्ष-2024 का 'झारखंड गौरव सम्मान' दिया जायेगा। यह सम्मान उन्हें दिनांक 23 जून को स्टार वार्स ग्लेमर इंडिया द्वारा स्वागतम बैंक्वेट हॉल रांची में आयोजित ग्रैंड फिनाले में प्रदान किया जायेगा। कवि हरिवंश प्रभात अपनी साहित्यिक रचना में अब तक एक दर्जन से अधिक पुस्तकें लिख चुके हैं। उनकी रचनाएं पाठ्य-पुस्तकों में भी संकलित हैं तथा उनके गीत लगातार लोकप्रिय हो रहे हैं। उन्हें राज्य स्तर पर सम्मानित होने की खबर से लोगों में हर्ष व्याप्त है। इसके पूर्व भी वे शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित हो चुके हैं। पलामू जिला के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआ खूर्द (पूर्वडीहा) में जन्मे श्री हरिवंश प्रभात वर्तमान में साहित्यिक संस्था 'परिमल प्रवाह' के संरक्षक हैं तथा लेखन में अनवरत सक्रिय हैं।



**कवि हरिवंश प्रभात अपनी साहित्यिक रचना में अब तक एक दर्जन से अधिक पुस्तकें लिख चुके हैं। उनकी रचनाएं पाठ्य-पुस्तकों में भी संकलित हैं तथा उनके गीत लगातार लोकप्रिय हो रहे हैं।**

### दिव्यांग बच्चों की जांच के बाद उपकरण दिया गया

**मेदिनीनगर।** सतबरवा के बीआरसी कार्यालय में शनिवार को दिव्यांग बच्चों की जांच व उपकरण वितरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 6 से 18 वर्ष तक के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की जांच के बाद उन्हें सहायक उपकरण भी दिया गया। पूर्व चयनित 12 बच्चों को सहायक उपकरण दिया गया। 30 नए बच्चों का चयन भी किया गया। इन्हें 2025 में उपकरण दिया जायेगा। कैंप में भुवनेश्वर से आई टीम के सदस्य दीपक ज्ञानेंदु, आकाश सैनी सहित कई वरीय पदाधिकारी व सभी संबंधित विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे।



# पेयजल संकट का निदान जरूरी :आशीष भारद्वाज

**नवीन मेल संवाददता**

**मेदिनीनगर।** पानी यात्रा के 11 वें दिन क्रम युवा समाज सेवी आशीष भारद्वाज की टीम ने सुरेश सिंह चौक, साधुनगर, श्रीरामपथ, जनकपुरी एरिया में जनजागरण सह हस्ताक्षर अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व कर रहे शहर युवा समाज सेवी ने कहा कि जलस्तर को संरक्षित करने के लिए शहर के सभी तालाब,आहर, पोखरा को बचाने की आवश्यकता है। मेदिनीनगर नगर निगम के अन्तर्गत पड़ने वाले लगभग सभी पैराणिक पेयजल संचयों में आहर, पोखर, तालाब, कुआं का अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसके वजह से हमारे यहां भीषण पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। वर्तमान परिपेक्ष्य में जलसंकट झेल रहे शहरवासियों को आने वाले समय में इस बड़ी विपदा से बचाने के लिए अभी से कार्य करना होगा। पानी यात्रा में आशा शर्मा, वैजन्ती, नवीन तिवारी, बबलू चावला, मुकेश तिवारी, अजय शुक्ला, साहेब जी नामधारी, राजन पंडित, दीपक प्रसाद, विकाश कश्यप, अंकित शुक्ला आरंभ, ज्ञानेश तिवारी, मुन्ना दुबे, सोनू पांडेय, दिलीप गिरी, नवनीत मेहता,आकाश विश्वकर्मा,राहुल गुप्ता, नवनीत मेहता, रोशन पाठक, प्रभात सिंह, रिशु दुबे, प्रकाश विश्वकर्मा, संजीत पांडेय, आकाश चौबे आदि कई लोग उपस्थित रहे।



## आदेश

### मदरसा व मध्यमा परीक्षा को ले परीक्षा केंद्र के बाहर धारा 144 लागू

# एसडीओ ने कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए जारी किए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मदरसा व मध्यमा परीक्षा 2024 को शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त बनाने को लेकर सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू कर दिया है। बता दें कि मदरसा परीक्षा के लिए 25 जून से 4 जुलाई व मध्यमा परीक्षा के लिए 25 जून से 2 जुलाई 2024 तक के लिए चार परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दिया गया है। इस बाबत एसडीओ ने आदेश जारी कर दिया है। एसडीओ ने बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने व सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है। इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 मीटर की दूरी में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत पांच अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंदर कोई भी व्यक्ति घातक हथियार लाठी (बुढ़ा एवं अपंग) को छोड़कर भाला, गड़ासा, छूरा,अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेगा। सदर अनुमंडल क्षेत्र में मदरसा परीक्षा के कुल 4 केंद्र आरके श्री सदगुरू प्रताप हरि प्लस टू उच्च विद्यालय चैनपुर, बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय आबादगंज, आरके रामधारी उच्च विद्यालय रजवाडीह, प्रोजेक्ट राजमाता प्रफुल मंजरी बालिका उच्च विद्यालय चैनपुर में बनाया गया है। मध्यमा परीक्षा के लिए सदर अनुमंडल क्षेत्र में कुल 4 केंद्र गणेश लाल अग्रवाल उच्च विद्यालय मेदिनीनगर, सर्वोदय बालिका उच्च विद्यालय मेदिनीनगर, गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय मेदिनीनगर, ब्राह्मण प्लस टू उच्च विद्यालय मेदिनीनगर में बनाया गया है। इन केंद्रों के आसपास असामाजिक तत्वों की ओर से परीक्षा संचालन में व्यवधान उत्पन्न होने की आशंका रहती है। इस मद्देनजर एसडीओ ने निषेधाज्ञा लागू की है।

### परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध : एसडीओ



परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा। परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, वीक्षक, परीक्षार्थी, पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा। चिट-पुर्जा, प्रश्नपत्र वितरित नहीं करेगा। यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा।

# मंतजीर हत्या का उच्च स्तरीय जांच की मांग




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिलीप पांडेय ने पलामू एसपी से मंतजीर हत्या मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि चैनपुर थाना क्षेत्र के बंदुआ में 15 वर्षीय व्यवसाई मंतजीर मियां का 21 फरवरी 2024 की रात्रि में हत्या कर दी गई थी। परंतु अब तक व्यवसाई हत्या मामले में घटना का उद्भेदन नहीं होना निराशा जनक है। अपराधी का हत्या कर बाहर घूमना प्रशासन के लिए चुनौती तथा समाज के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने मंतजीर मामले में पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता पर प्रश्न उठाया है। कहा कि आरोपी चाहे कोई भी हो उसे पकड़ा जाना चाहिए। आम जनमानस के मन में पुलिस के प्रति हीरो वाला भाव उभरना चाहिए, ताकि जनता बेखौफ होकर अपनी समस्या रख सके। उन्होंने कहा कि चैनपुर पुलिस का रोल कई मामले में नकारात्मक रहा है। भारतीय जनतंत्र मोर्चा घटना का उच्चस्तरीय जांच के पक्ष में है। ताकि दूध का दूध व पानी का पानी साफ हो जाए। पत्र का प्रतिलिपि पार्टी के मुख्य संरक्षक सरयू राय व केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी को भी भेजा गया है।


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊजोवान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर, की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

## एक नजर

### अबुआ आवास, मनरेगा, पेंशन को लेकर 25जून से आमरण अनशन

**भवनाथपुर।** पंचायत समिति सदस्य सह पंचायत समिति सदस्य संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष चन्दन कुमार ठाकुर ने प्रेस वार्ता कर आगामी 25जून दिन मंगलवार से ग्रामीणों के साथ आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है। पंसस चन्दन कुमार ठाकुर ने प्रेस वार्ता में बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं रहने के कारण योग्य एवं जरूरत मंद लोगों को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है, आवास का जियो टैग करने का काम सरकार द्वारा चुने गए स्वयं सेवक का है , लेकिन स्वयं सेवक से कार्य नहीं कराया जा रहा है।

### प्रेम प्रसंग में शादीशुदा महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के सिदे खुर्द गांव में सबीना बीबी 20 वर्ष पति तस्लीम अंसारी ने अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना शनिवार की है। इसे लेकर मृतका के पिता सह सिदे खुर्द गांव निवासी हैदर अंसारी ने मृतका के कथित प्रेमी सिदे खुर्द गांव के ही दुर्गा चंद्रवंशी पिता दया राम के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। इस संबंध में मृतका के पिता ने बताया कि चार वर्ष पूर्व उसने अपनी बेटी की शादी किया था। लेकिन विगत एक वर्ष से उसकी बेटी को गांव के ही दुर्गा चंद्रवंशी ने प्रेमजाल में फंसा लिया था।

### मारपीट में दो घायल चल रहा इलाज

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के महुलिया नावाडीह गांव में मारपीट की घटना में दो लोग घायल हो गए। घायलों में अजीत कुमार पिता विजय भुइयां एवं पवन कुमार पिता शंभू राम शामिल हैं। इनमें अजीत कुमार का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया गया कि अजीत कुमार एवं पवन कुमार अपने गांव में ही पोखरा की ओर जा रहे थे। इस दौरान उसके गांव का ही प्रीतम कुमार इन लोगों से झगड़ा करने लगा। तब तक वहां महाजन पासवान, राजू पासवान व शांति देवी भी आ गए और अजीत कुमार व पवन कुमार के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया।

### पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान, दर्जनों बाइक जब्त

**गढ़वा।** पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में शनिवार को धुरकी कपूरी चौक के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों के कागजातों की जांच की गई। बैगर हेलेमेंट, ड्राइवरी लाइसेंस, इंश्योरेंस के वाहन चलाने वाले का बाइक जब्त कर चालान काटा गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया की वाहन चलाते समय हेलमेंट जरूर पहने। ट्रिपल लोडिंग नही चले। वाहन चलाते समय शराब का सेवन नही करें।

### आजादी के 77 साल बाद भी गंदा पानी पीने पर विवश हैं ग्रामीण

# हाथी का दांत साबित हो रहा नल जल योजना

**संवाददाता। खरौंधी(गढ़वा)**

आजादी के 77 साल बीत जाने के बावजूद भी सुंडी पंचायत के बहेरवा टोला के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। बहेरवा टोले पर ना तो अच्छी सड़क है और नाही पीने का पानी है। बहेरवा टोला के 150 परिवार के लोग नदी में चुआडी बनाकर पानी पीने को मजबूर है। सुंडी पंचायत में चार माह पूर्व नल जल योजना आई तो लोगो को उम्मीद जागी थी। लेकिन पंचायत में नल जल योजना भी हाथी का दांत साबित हुई। सुंडी पंचायत के बहेरवा टोला के कुंती देवी, शीला देवी, कैलाशी देवी, तेतरी देवी, रशीदा देवी, वार्ड सदस्य सुबाराम, विश्वनाथ राम, नंदलाल राम, बंटू सिंह आदि ने बताया चार माह पूर्व ही बहेरवा टोला के सभी चापाकल सुख गया है। उसी समय से नदी में चुआड़ी बनाकर पानी पी रहे है। इसी चुआड़ी के पानी से लोग स्नान तथा कपड़े धोते है। पंचायत के साथ टोला में भी नल जल योजना के माध्यम से पानी सप्लाई करना था। हमलोग कई बार ठिकेदार से नल जल योजना को पूरा करते हुए पानी सप्लाई करने का आग्रह किया लेकिन ठिकेदार हमलोग का एक नही सुनते है। साथ ही बताया गांव में सड़क भी नही है। वही गांव के ही बुटन राम ने कहा चार दिन पूर्व मेरे पिता का देहांत हो गया है। इसी चुआड़ी पर लगभग तीन दर्जन लोग स्नान करके उन्हे पानी समर्पित करते है। बहुत परेशानी है। कोई यहां के लोगो का सुध लेने वाला नही है। स्थानीय भाजपा नेता अरुण कुमार सिंह ने कहा बहेरवा टोला के सभी चापाकल सुख गया है। लोग चार माह से नदी में चुआड़ी बनाकर पानी पीते है। पंचायत में नल जल योजना के माध्यम से पानी सप्लाई करना था। ठिकेदार से कई बार हमलोग आग्रह किए। लेकिन ठिकेदार की लापरवाही से नल जल योजना का कार्य भी नही हुआ।

> बहेरवा टोला में पानी की समस्या की जानकारी लोगो ने मुझे दिया है। पानी की समस्या को देखते हुए नल जल योजना लाया गया था। लेकिन ठिकेदार तथा पदाधिकारी की लापरवाही से नल जल योजना का लाभ लोगो को नही मिल रहा है। पीएचडी विभाग के पदाधिकारी से मिलकर लोगो को पानी बहाल कराने की मांग करेंगे।
>
> **जितेंद्र प्रसाद यादव, विधायक प्रतिनिधि खरौंधी**



- बहेरवा टोले में ना अच्छी सड़क, ना ही पीने का पानी
- 150 परिवार नदी में चुंआड़ी बना पानी पीने को हैं मजबूर
- स्थानीय लोगों ने कहा हमारा सुध लेने वाला कोई नहीं

> सुंडी पंचायत में मुझे 27 प्वाइंट करना था। सुंडी के सभी 27 प्वाइंट पूरा हो गया है। जिसका चयन मुखिया और जल सहिया को करना था।
>
> **मो. हाफिज अंसारी, नल जल ठेकेदार**

## स्वर्ण व्यवसायी से लूटपाट का आरोपी हुआ गिरफ्तार





**संवाददाता। मझिआंव/गढ़वा**

नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सवर्ण व्यावसाई के साथ लूटपाट का आरोपी गिरफ्तार कर लिया लिया गया है। गौरतलब है की स्वर्ण व्यवसाई राहुल कुमार अपने पिताजी के साथ दुकान बंद कर घर जा रहा था उसी क्रम में रोहित रसोई दुकान के पास दो मोटरसाइकिल सवार अपराधियों के द्वारा पिस्टल का भय दिखाकर झोला में रखे दुकान के समान को लूटने का प्रयास किया गया लूटपाट में अपराधी सफल नहीं हो सके तत्पश्चात अपराधी भागने लगे। भागने के क्रम में एक मोटरसाइकिल नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 12 खजुरी में मझिआंव गढ़वा मुख्य मार्ग पर दुर्घटनाग्रसत हो गया। मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन सवार अपराधी गंभीर रूप से घायल हो गए। वही पीड़ित स्वर्ण व्यवसाय राहुल कुमार के द्वारा थाना में आवेदन देने के आधार पर मझिआंव थाना कांड संख्या 55/24 22/2024 को धारा 393/398 पर प्राथमिक दर्ज किया गया। लूटपाट में शामिल अपराधी को गिरफ्तार कर कांड का अनुसंधान जारी है। गिरफ्तार अपराधियों ने दूसरे राज्यों में भी लूटपाट जैसे अन्य घटनाओं का अंजाम दिया हैं। गिरफ्तार अभयुक्त दिलीप दास उम्र करीब 25 वर्ष, राजेश दास उम्र करीब 25 वर्ष, माइकल कन्हैया उम्र करीब 25 वर्ष सभी जाजपुर थाना जिला जाजपुर उड़ीसा राज्य के रहने वाले हैं।

### गढ़वा में सरकारी व निजी ब्लड बैंक में ब्लड की भारी किल्लत

# कई महीनों से रक्तदान शिविर में काफी गिरावट

**संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा में स्थापित सरकारी और निजी ब्लड बैंक दोनों में ही ब्लड की भारी किल्लत है। ऐसे में लोगों को रक्त के अभाव में जान गवाना पड़ रहा है। वहीं जिले के 150 थैलेसीमिया के मरीजों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिले में सदर अस्पताल में स्थापित ब्लड बैंक में 500 यूनिट ब्लड रखने की क्षमता है। पर एक यूनिट भी रक्त स्टॉक में नहीं है। वहीं आरोग्यम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में संचालित निजी ब्लड बैंक में 400 यूनिट ब्लड रखने की क्षमता है। पर ब्लड बैंक में ब्लड नहीं हैं। ब्लड बैंक के रिपोर्ट के माना तो जिले के 150 थैलेसीमिया मरीजों को महीने में दो बार ब्लड देना पड़ता है। ऐसे में प्रत्येक महीना 300 यूनिट ब्लड की खर्च सिर्फ थैलेसीमिया मरीजों पर है। वहीं प्रत्येक दिन 15 से 20यूनिट ब्लड की खपत प्रतिदिन है। पिछले कई महीने से रक्तदान शिविर में काफी गिरावट आई है। उसके कारण ब्लड बैंक में ब्लड की किल्लत है। गढ़वा जिले के ब्लड बैंक का संचालन विभिन्न सामाजिक संगठन और युवा समाजसेवियों के बदौलत चलता है पर पिछले महीना चंद्रवंशी कॉलेज बिश्रामपुर 57, जिला टेंट डेकोरेशन संघ सात यूनिट , रेडक्रॉस सोसाइटी सात , डिस्ट्रिक्ट हेल्थ सोसाइटी की ओर से सात यूनिट कैंप का आयोजन किया गया. वही सुरक्षित रक्तदाता समिति भीभीडीए, गढ़वा ब्लड डोनर्स एसोसिएशन, हेल्प आदर्श, जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा, लायंस क्लब, सोशल वर्कर संस्था, जागृति क्लब,सीआरपीएफ 172 बटालियान, विहंगम संस्था, एलएनटी कंपनी जैसी संस्था का छोटी छोटी कैंप का आयोजन होता रहता है। कुल मिलाकर प्रत्येक महीना ब्लड का खर्च 300 यूनिट है। लेकिन पूरे महीना काफी मशक्कत करने के बाद 100 यूनिट ब्लड की व्यवस्था संस्था के द्वारा हो पाती है। इसलिए सदर अस्पताल में आने वाले कई गंभीर मरीजों को अपने साथ डोनर लाना पड़ता है। सदर अस्पताल में इन दोनों 17 ब्लड उपलब्ध है।




**जिले में ब्लड डोनेशन नहीं हो रहा**

> गढ़वा जिले में ब्लड की व्यवस्था विभिन्न संस्थाओं की मदद से होता है पिछले दिन सिर्फ एक बड़ा कैंप का आयोजन किया गया है। लेकिन जितनी खर्च ब्लड की है उतना कैंप के माध्यम से डोनेशन नहीं हो रहा है। उसके कारण ब्लड की किल्लत सामने आने लगी। जिले में हर दस दिनों में 30 से 40 यूनिट रक्त की जरूरत है और उक्त रेसेयू से ब्लड डोनेशन का कार्य नहीं हो पा रहा है। रक्तदान की प्रति लोगों को जागृत होने की जरूरत है। हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर प्रत्येक 3 महीने पर रक्तदान करना चाहिए। उससे संबंधित व्यक्ति के स्वास्थ्य में भी सुधार होता है।
>
> **डॉ हरेंन चंद्र महतो**
> उपाधीक्षक सदर अस्पताल, गढ़वा

### विधायक ने मृतकों के परिजनों से की मुलाकात

**श्री बंशीधर नगर।** विधायक भानू प्रताप शाही शनिवार को सीरियाटोंगर गांव जाकर मृतकों के परिजनों से मुलाकात किया इस दौरान विधायक ने परिजनों को सांत्वना देते हुए आर्थिक सहायता प्रदान किया। कुछ दिन पूर्व पाल्हे कला स्थित एनएच पर हुए सड़क दुर्घटना में गांव के पांच युवकों की मौत हो गई थी ये सभी रोजगार की तलाश में ऑटो से गुजरात के लिए ट्रेन पकड़ने स्टेशन जा रहे थे। इस दौरान विधायक ने परिजनों से कहा की घटना के वक्त वे बाहर थे दुखद खबर सुनकर तत्काल डीसी से बात कर सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की थी उन्होंने कहा की सरकारी पदाधिकारी को जल्द मुआवजा देने का निर्देश दिया है बारी- बारी से सभी मृतकों के घर जाकर विधायक ने आर्थिक सहायता देते हुए ढांढस बढ़ाया। उन्होंने कहा की वे शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़े हैं। इस दौरान भाजपा नेता भगत दयानंद यादव, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, विकास पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### बलिदान दिवस के रुप में आजसू पार्टी ने मनाया स्थापना दिवस

**गढ़वा।** आजसू पार्टी आज पुरे धुम धाम से पार्टी की स्थापना दिवस पर बलिदान दिवस के रूप में मनाया।




सुबह में पर्यावरण के संरक्षण के लिए गढवा जिला के गढवा रंका बिधान सभा व नगर भवनाथपुर बिधान सभा में वृक्षारोपण का कार्य किया गया। गढवा के नगवां मुहल्ला में जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में पौधारोपण का कार्य किया गया इसके साथ ही तिवारी रेस्ट हाउस के सभागार में जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा के अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रधान सचिव त्रिपुरारी सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत झारखण्ड अलग राज्य के आन्दोलन मे शहीद हुए क्रांतिकारियों को मौन रखा कर श्रध्दांजलि अर्पित की गई।

### पंचायत समिति की बैठक रहा हंगामेदार



**डंडाई।** प्रमुख कांति देवी की अध्यक्षता में शनिवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से वीडियो जागो महतो, बीईई ओ प्रतिमा कुमारी, सुपरवाइजर पुष्पा कुमारी, सांसद प्रतिनिधि उत्तिम देव प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि दिनेश राम के साथ-साथ सभी पदाधिकारी व कर्मियों ने भाग लिया। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में आयोजित बैठक पूरी तरह हंगामा दार रहा। पंचायत समिति सदस्यों ने शुरू से अंत तक पदाधिकारीयों के खिलाफ एक से बढ़कर एक सवाल दागते रहे। वही उनके सवालों में वे सभी पूरी तरह घिरे रह गए। आंगनबाड़ी केंद्र को नियमित बंद रहना और योजनाओं के नाम पर बोहनी की राशि वसूली करना बैठक का मुद्दा बना रहा।

### खरौंधी : प्रखंड में सम्मान समारोह आयोजित



**खरौंधी।** प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष सह कुपा पंचायत मुखिया प्रमोद राम ने अपने कार्यकाल का दुसरा साल होने पर वर्षगांठ सह सम्मान समारोह के रुप में मनाया। मुखिया प्रमोद राम ने कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना कर तथा फिता काटकर किया। मुखिया प्रमोद राम ने कहा की यह कुपा पंचायत की जनता का अपार आशिर्वाद है की हम अपने कार्यकाल को अच्छा से निर्वहन कर रहा हूं, इसी का देन है की हम आप सभी के बीच अपने कार्यकाल को दूसरा वर्षगांठ के रुप में मना रहे हैं। आगे भी हम विकास की किरणों को कुपा पंचायत के आम अवाम जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस अवसर पर मुखिया के द्वारा पंचायत के प्रबुद्ध लोगों को सम्मानित भी किया एवं कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

### योग हमारे दिनचर्या का महत्वपूर्ण अंग : पाण्डेय



**गढ़वा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आरकेवीएस बीएड कॉलेज में योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने भी कॉलेज परिवार के साथ योग किया। अपने संबोधन में उन्होंने सभी को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे देश के लिए गौरव की बात है कि हमने विश्व को योग सीखाया और आज पूरे विश्व के लोग इससे लाभान्वित हो रहे हैं। जीवन को चुस्त- दुरुस्त और निरोग बनाने के लिए जीवन में योग का होना जरूरी है।उन्होंने सभी से नियमित योग करने की बात कही। योग करने से हमारा शारीरिक और मानसिक विकास होता है।

### जिला क्रिकेट संघ के समर कैंप में कोच ने खिलाड़ियों के साथ रणनिति तैयार की



**गढ़वा।** जिला क्रिकेट संघ के समर कैंप में कोच कौशल सिंह ने खिलाड़ियों के साथ स्ट्रेटजी मेकिंग तथा फिटनेस पर विशेष जोर दिया तथा क्रिकेट में एक शानदार कैरियर की तैयारी कैसे करे कैसे मानसिक रूप से खुद को विषम से विषम परिस्थिति में स्थिर बनाए रखें इस संदर्भ में उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का भी उदाहरण दिया की उन्हें क्यों कैप्टन कूल कहा जाता है। कौशल ने खुद बच्चों के साथ बैटिंग तथा बॉलिंग तकनीक पर चर्चा करते हुए नेट में पसीना बहाया और टीम में परस्पर सहयोग की भावना जागृत करने पर जोर दिया ज्ञात हो कि कौशल सिंह झारखंड रणजी के लिए खेलते हैं।

## सीओ पर दाखिल खारिज में लापरवाही बरतने का आरोप

**संवाददाता। केतार**



केतार प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शनिवार को पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी की अध्यक्षता में हुई। उक्त बैठक में सभी पंचायत समिति सदस्यों द्वारा पुर्व के बैठक में पंचायत समिति सदस्यों द्वारा पूर्व के बैठक में लिए गए प्रस्ताव का अवलोकन करते हुए उस पर ससमय कार्रवाई करने की बात कही गई। बैठक में प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा की प्रखंड क्षेत्र में संचालित मनरेगा,15वें वित्त की योजना स्वीकृति से पूर्व पंचायत समिति की बैठक में अनुमोदन के लिए भेजें, इसके पश्चात ही योजना का क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित करें। इस पर प्रखंड कर्मियों द्वारा बताया गया कि अब से जो भी योजनाएं होंगी सरकारी गाइडलाइन के अनुरूप पारदर्शिता से ग्राम सभा और कार्यकारिणी बैठक में पारित होने के पश्चात पंचायत समिति बैठक में अनुमोदन के लिए सूची उपलब्ध कराया जायेगा। पंचायत समिति द्वारा अनुमोदन मिलने के बाद ही योजना की स्वीकृति दी जायेगी। इस बैठक में पशुपालन विभाग, पीएचडी विभाग एवं बैंक के कर्मियों की अनुपस्थिति पर उनसे स्पष्टीकरण मांगने को कहा गया। साथ ही बीडीओ सह प्रभारी अंचलाधिकारी सावित्री कुमारी पर दाखिल खारिज मे लापरवाही बरतने एवं प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों से दुर्व्यवहार एवं बदसलूकी किए जाने को लेकर निंदा प्रस्ताव लाया गया। उल्लेखनीय है की पंचायत समिति के बैठक में सदस्यों द्वारा लाये गए प्रस्ताव को पंचायत समिति के रजिस्टर में न लिख कर के अलग रफ पेपर मे नोट किया जा रहा था।

## सार्वजनिक स्थलों व सड़क किनारे कई पेड़ सूखे, दुर्घटना की आशंका

**संवाददाता। गढ़वा, हिटी**

जिला मुख्यालय से लेकर सुदूरवर्ती प्रखंडों के विभिन्न हिस्सों में सार्वजनिक स्थलों या सड़क किनारे कई पेड़ सूख गए हैं। अबतक किसी तरह का जानमाल का नुकसान तो नहीं हुआ है पर बारिश के दिनों या तेज हवा से गिरने, टहनियों के टूटकर गिरने की आशंका हमेशा बनी रहती है। उससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उसे न तो काटकर आम लोग हटा सकते हैं न ही वन विभाग उन्हें हटवा रहा है। जिला मुख्यालय में ही एनएच 75 व एनएच 343 पर सड़क किनारे कई विशालकाय पेड़ वर्षों से सूखे हुए हैं। उससे हर वक्त दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उसके आसपास से गुजरने वाले लोग दुर्घटना की आशंका के मद्देजनर डरे सहमे रहते हैं। पेड़ों को काटने को लेकर वन विभाग की अनापत्ति नहीं मिलने के कारण नगर परिषद प्रशासन भी उक्त सूखे पेड़ों को जल्द से जल्द काटने को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा है। जिला मुख्यालय में कई जगहों पर सड़क के किनारे लगे पेड़ सूख गए हैं।



> शहर के सड़क से सटे कुछ सूखे हुए पेड़ों को काट गिराया गया है। उसके बाद भी कुछ पेड़ ऐसे हैं जिन्हें गिराया नहीं जा सकता। उसके लिए वन विभाग से अनुमति लेना आवश्यक है।
>
> **सुशील कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा।**

> सूखे पेड़ जहां भी हैं अगर जानमाल के नुकसान का अंदेशा है तो उसे हटाने की कार्रवाई की जाएगी। उसके लिए जिस विभाग के अधीन उक्त पेड़ है उक्त विभाग सूखे पेड़ को हटाने के लिए वन विभाग को आवेदन दे । आवेदन मिलने के बाद वन विभाग उसे हटाने की कार्रवाई करेगा।
>
> **दिलीप कुमार यादव, डीएफओ सह वन संरक्षक गढ़वा**

**अनुश्रवण**

### सांसद की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

# अधूरी योजनाओं को समय पर पूरा कराने का निर्देश

**संवाददाता। गढ़वा**

पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में गढ़वा जिला अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक संपन्न की गई। उक्त समीक्षात्मक बैठक में मुख्य बिंदु क्रमशः सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई योजना, भारतमाला परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 39 ( 75 ) एवं 343 का फोरलेन सड़क निर्माण, बाईपास व अन्नराज घाटी में ब्लैक स्पॉट निर्माण कार्य योजना तथा कांडी प्रखंड के श्रीनगर-पंडुका के बीच सोन नदी पर ब्रिज का निर्माण कार्य आदि रही। सर्वप्रथम माननीय सांसद द्वारा सोन-कनहर पाइपलाइन सिंचाई योजना के कार्य अब तक पूर्ण नहीं होने का कारण पूछा गया। उन्होंने कहा कि इस योजना की प्राप्ति वर्ष 2019 में हो चुकी थी एवं 2022 तक पूर्ण करने का अवधि निर्धारित था। मौके पर उपस्थित कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल द्वारा बताया गया कि इस योजना से संबंधित 95% क्षेत्र में कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष अपूर्ण कार्यों के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस सर्टिफिकेट नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि पीएससी की बैठक में आवश्यक निर्देश मिलने के फलस्वरुप फॉरेस्ट क्लीयरेंस हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है जिसे एक माह के अंदर पूर्ण कर लिया जाएगा। सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई योजना का अधिकांश भाग वन क्षेत्र होने एवं भवनाथपुर सेल माइंस का क्षेत्र होने के चलते भी एनओसी सर्टिफिकेट के लिए अग्रेतर कार्रवाई की गई है।



### पत्थर लदा एक ट्रैक्टर जब्त कर वन परिसर लाया गया

**भवनाथपुर।** वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना पर शनिवार को छापामारी कर मकरी के राजदहवा नदी के समीप से पत्थर लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर वन परिसर लाया। जबकि चालक को हिरासत में ले लिया है। उक्त ट्रैक्टर मकरी निवासी लालबिहारी राम का बताया जा रहा है। वन विभाग ने जब्त किए गए ट्रैकर व मालिक के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। छापामारी दल में वनरक्षी राहुल सिंह व अन्य वनकर्मी शामिल थे।
बताते चलें की इन दिनों सरकारी कूप निर्माण और अबूवा आवास के साथ साथ कई सड़क पुल पुलिया का कार्य जोरों पर है।

## एक नजर

### बारेसांढ़ बाजार के शिव मंदिर प्रांगण में हुआ रुद्राभिषेक

**लातेहार गारु।** बारेसांढ़ बाजार के शिव मंदिर के प्रांगण में धूमधाम से हुआ रुद्राभिषेक। सभी भक्तों ने भगवान शिव के शिवलिंग को जल अर्पित किया। एवं पूजा अर्चना किया। रुद्राभिषेक में भगवान शंकर के रुद्र अवतार की पूजा की जाती है रुद्राभिषेक में शिवलिंग को पवित्र स्नान कराकर उसके पूजा अर्चना की जाती है। भक्तों का मानना है कि भगवान शिव अपने भक्तों की पूजा से बहुत जल्द प्रसन्न हो जाते हैं विशेष मनोकामना पूर्ति के लिए शिव का रुद्राभिषेक करना सबसे शुभ माना गया है। धार्मिक मान्यताओं का अनुसार सभी देवताओं की आत्मा में भगवान सदाशिव रुद्र विराजमान है इनकी पूजा करने से सभी देवताओं की पूजा हो जाती है। भगवान भोलेनाथ महाकाल है इनकी पूजा से अकाल मृत्यु का संकट भी दूर हो जाता है।

### बिजली का तार गिरने से बैल की हुई मौत

**बालूमाथ।** प्रखंड बालूमाथ के चेताग पंचायत के कोठताड़ टोला में बिजली के तार गिर जाने से तिलक बैठा का मवेसी की तड़प तड़प कर मृत्यु हो गया।घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा भाजपा नेता अमित कुमार घटना स्थल पर पहुंच पीड़ित परिवार से मिल घटना का जायजा लिया और पशुपालन विभाग एवम बिजली विभाग से बात कर पीड़ित को उचित मुआवजा राशि दिलाने की बात कही।पीड़ित परिवार को इस खेती के मौसम में बहुत बड़ा नुकसान होने की बात कही साथ ही साथ पीड़ित के परिवार का रो -रो कर बुरा हाल है। मोबाइल पर बात करने के बाद विभाग के द्वारा आवेदन देने की बात कही गए साथ ही साथ जल्द मुआवजा राशि उपलब्ध देने की बात कही।

### प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से अब विवाह प्रमाण पत्र भी किया जाएगा निर्गत

**बरवाडीह।** प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय में प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ-साथ अब विवाह प्रमाण पत्र भी निर्गत किया जाएगा। जिससे ग्रामीणों को प्रखंड कार्यालय के चक्कर लगाने की समस्या से निजात मिलेगी। शनिवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार मे प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज सभी पंचायत मे संचालित प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से पंचायत स्तर पर निर्गत की जाने वाले जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र और विवाह प्रमाण पत्र को लेकर जानकारियां दी गई। प्रखंड विकास अधिकारी के द्वारा सभी संचालकों को यह भी सख्त हिदायत दी गई कि किसी भी प्रमाण पत्र को निर्गत किए जाने मे कोई अवैध वसूली न की जाए और उनके खिलाफ कोई शिकायत मिली तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रखंड समन्वयक मनजीत कुमार के द्वारा भी प्रज्ञा केंद्र संचालकों को पंचायत स्तर पर सरकार के माध्यम से चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं को लेकर जानकारी दी गई।

### खनन विभाग ने 24 घंटा के अंदर भंडारित बालू का कागजात दिखाने का दिया अल्टीमेटम

# डेढ़ लाख सीएफटी अवैध भंडारण बालू जब्त, कंपनी को दिया नोटिस



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बालूमाथ में बालू के अवैध खनन व भंडारण को लेकर शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है। डीएमओ ने बताया कि जिले के उपायुक्त को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जिला टास्क फोर्स, जिला खनन विभाग के नेतृत्व में संयुक्त रूप से थाना क्षेत्र के मकईयाताड़ स्थित उपकार इंफ्रा रेलवे पटरी निर्माण नामक कंपनी के कैंपस में अवैध तरीके से भंडारण किए गए बालू को जब्त किया गया है। वहां पर मापी करने पर लगभग डेढ़ लाख सेफ्टी बालू भंडारण की गई थी। जिसका बाजार में अनुमानित कीमत करोड़ रुपए की बताई जा रही है। उक्त मामले में खनन विभाग ने मामला दर्ज कर उपरोक्त रेल निर्माण कंपनी को 24 घंटे के भीतर भंडारण किए गए बालू का चालान दिखाने के लिए नोटिस दिया गया है। उन्होंने बताया कि 9 जून के बाद से नदियों का प्रजनन की समय होती है, जिसके लिए बालू का उठाव पूरी तरह से बंद है। बालू खनन करना कानून अपराध है। वर्तमान में बालू घाट का कोई नीलामी नहीं है। उसके बावजूद भी बालू का अवैध खनन व भंडारण किया गया है। बता दे कि बीते 17-18 जून को हहारो नदी से मध्य रात्रि को दो पोकलेन के साथ एक दर्जन से भी अधिक हाईवा से नदी से बालू चोरी छीपे खनन कर भंडारण की गई थी। सूचना पर खनन पदाधिकारी ने 20 जून को दोपहर में उपरोक्त निर्माण कंपनी के भंडारण किए गए कैंप पर छापामारी कर नोटिस दिया था। नोटिस में 24 घंटे का समय दिया गया था जो पूरा हो चुका है। कंपनी द्वारा कोई भी पेपर अगर खनन विभाग को दिखाई जाती है तो वह फर्जी ही होगा। झारखंड में बालू की नीलामी नहीं हुई है। 9 जून के बाद बालू का उठाव पूरी तरह से बंद था। देखना यह दिलचस्प होगा कि क्या टास्क फोर्स सिर्फ बालू जब्त कर कार्रवाई करती है। या इस बालू को उठाव करने में लगाए गए पोपलेन, हाईवा को भी जब्त करती है। टास्क फोर्स की कार्रवाई से निर्माण कंपनी में हड़कंप व्याप्त है।

### मकरा मध्य विद्यालय मे दो वर्ष सें सोलर जलमिनार खराब, विद्यार्थी परेशान

# मध्याह्न भोजन बनाने में भी काफी परेशानी



**संवाददाता। बारियातू**

प्रखण्ड क्षेत्र के शिबला पंचयात अंतर्गत ग्राम मकरा स्थिति राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मकरा का पिछले दो वर्ष से सोलर जलमिनार खराब है जिसके कारण विद्यालय मे पढ़ने वाले बच्चों को पेयजल समस्या उत्पन्न हो गया है. शिक्षक संजय कुमार सिंह व रसोईया सोहवा देवी तथा कमला देवी ने बातया की इस विद्यालय का जलमिनार मे लगे सोलर प्लेट की चोरी दो वर्ष पूर्व होने के कारण स्ट्रार्टर एवं पाइपलाइन खराब हो गया है. जिसके कारण विद्यार्थियों के लिए इस भीषण गर्मी मे मध्याह्न भोजन बनाने में काफी परेशानी हो रही हैं, विद्यालय सें कुछ दुरी सें पानी लाकर भोजन बनना पड़ रहा है. विद्यालय के बच्चे भी इस चिलचिलाती धुप मे पास के चपानल व कुएँ की पानी पीकर अपना पियास बुझाते हैं. कुआं मे पानी भरकर पीने जाते हैं जिससे खतरे की भी सम्भवना बनी रहती है.

#### विद्यालय के रसोई में दरवाजा नहीं होने सें जानवर करते हैं परेशान

रसोईया व शिक्षकों ने बताया की इस विद्यालय का चरदीवारी व रसोई कमरा का निर्माण हुए कई वर्ष बीत गया लेकिन अभी तक दरवाजा नहीं लगया गया है. दरवाजा नहीं होने सें बरसात के दिनों मे जानवरो ने विद्यालय के आंगन परिसर एवं रसोई घर मे घुसकर काफी गंदा कर देते है. जिससे काफी परेशानी होती है. वही शिक्षक बच्चे व रसोईया तथा अभिभावक ने उपायुक्त सें जलमिनार को दुरुस्त करवाकर तथा विद्यालय की चारदीवारी का दरवाजा एवं शिक्षक बहाल करने की मांग की है.

#### अभिभावक ने की विद्यालय में शिक्षक बढ़ाने की मांग

बच्चे की अभिभावक नरेश यादव, सुबोध यादव, सुरेश यादव, श्रीकांत सिंह, दीपू ठाकुर कौलेश्वर राम सहित अन्य लोगो ने बातया की इस विद्यालय मे कक्षा 1 सें लेकर 8वी कक्षा तक विद्यालय मे पढ़ाई होती हैं जिसमे सिर्फ दो शिक्षक के सहारे ये विद्यालय चल रही है. इस विद्यालय मे शिक्षक की कमी के कारण विद्यालय मे पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

### 11 हजार बिजली प्रवाहीत तार के चपेट में आने से झुलसा बच्चा



**कुंदा(चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत अखरा गांव निवासी ननटू भारती का दस वर्षीय पुत्र अमन कुमार शनिवार को 11 हजार बिजली प्रवाहीत तार के चपेट में आने से गंभीर रुप से घायल हो गया। बच्चा करंट लगने से झुलसने के साथ ही बेहोस हो गया। बताया जा रहा है कि अमन कुमार पेड़ पर चढ़ कर जामुन खा रहा था, उसी बीच जामुन के पेड़ के समीप से गुजरे बिजली तार के संपर्क में टहनी आ गई और बच्चा उसके चपेट में आकर गंभीर हो गया। जख्मी बच्चे को स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे चतरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां बच्चे का इलाज चल रहा है।

## न्यूज | बॉक्स

### मयूरहंड में गोदाम रहते पीडीएस दुकानदारों को इटखोरी से करना पडता है आनाज का उठाव



**मयूरहंड(चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित नव निर्मित एफसीआई गोदाम बने लगभग तीन वर्ष बितने को है। पर विभागीय निष्क्रियता के कारण आजतक गोदाम में आनाज वितरण प्रारंभ नही हो पाया है। जबकि एक वर्ष पूर्व हीं ततकालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा नव निर्मित गोदाम का उद्घाटन किया जा चुका है। साथ हीं विभागीय अधिकारियों को वितरण कार्या प्रारंभ करने का निर्देश दिया जा चुका है। परंतु विभागीय पदाधिकारी अभीतक कुंभकरणी निंद में सोए हुए हैं। जिसका खमियाजा क्षेत्र के पीडीएस दुकानदारों के साथ लाभुकों को झेलना पड रहा है। प्रखंड मुख्यालय में गोदाम के शुभारंभ नही होने से दुकानदारों को ससमय राशन मुहैया नहीं हो पाता, जिसके कारण ससमय लाभुकों के बीच राशन वितरण नहीं हो पाता। विभागीय पदाधिकारियों के साथ यहां के जनप्रतिनिधियों को भी जन सरोकार से कोई लेनादेना नहीं है।

### मॉडल कॉलेज में पर्यावरण सरंक्षण सप्ताह का हुआ आयोजन



**चतरा।** विश्व में पर्यावरण के प्रति बढ़ते खतरे तथा ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए पर्यावरण सरंक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महाविद्यालय में पर्यावरण सरंक्षण सप्ताह का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए योगाभ्यास कार्यक्रम किया गया तथा सामाजिक संगठनों के सहयोग से पुनः वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में पीपल, नीम, कहवा, आस, कटहल तथा अशोक आदि के लगभग 100 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य, शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मचारी, छात्र-छात्राओं के साथ सामाजिक संगठनों के कार्यकत्ताओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना।
(अज्ञात अभियुक्त)



गढ़वा थाना काण्ड सं0–68/24 दिनांक–01.02.2024 धारा 420/379 भा.द.वि. के अज्ञात अभियुक्त के द्वारा गढ़वा ब्लॉक के पास एच. डी. एफ. सी. बैंक के एटीम में पैसा निकाल रहे वादनी रेखा देवी पति ललन राम ग्राम अशोक विहार थाना. एवं जिला –गढ़वा के पुत्र उत्सव कुमार पैसा निकाल रहे थे। इसी क्रम मे एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा एटीम मशीन से पैसा निकाल देने की बात कही गई। पैसा नहीं निकलने पर मशीन खराब कहकर एटीम कार्ड बदल दिया गया और गलत तरीके से एस.बी. आई खाता संख्या –31412696703 से 31.01.2024 को समय लगभग 7 बजे शाम को 40000/– रूपया निकाल लिया गया।

अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त अज्ञात अभियुक्त के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR.NO.327394 Police(24-25):D


# आजसू ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया 37 वां स्थापना दिवस



**संवाददाता। लातेहार**

जिला मुख्यालय स्थित माको डाक बंगला में 22 जून 2024 दिन शनिवार को आजसू पार्टी ने बलिदान दिवस के रूप में 37वां स्थापना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम कि अध्यक्षता आजसू जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव जितेंद्र कुमार सिंह केंद्रीय सदस्य राकेश सिंह पंकज साहू सरवन पाण्डेय उपस्थित थे।मंच का संचालन जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी ने किया।सर्वप्रथम 100 पौधारोपण कर कार्यक्रम कि शुरूवात कि गई।मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि आजसू पार्टी के संघर्षों का परिणाम है कि झारखंड राज्य अलग हुआ हमने झारखंड आंदोलन में बहुत से अपनो को खोया है इसी कारण आज स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मना रहे हैं। आजसू पार्टी जिले के सभी प्रखंडों में सेवा केंद्र खोलेगी जिसमें आम जनता कि शिकायतों का समाधान के लिए मदद कि जाएगी। आजसू लातेहार के सभी पंचायतों में चौपाल लगा के जनता कि समस्याओं का संग्रह कर उसके समाधान के लिए आंदोलन करेगी और इस ठगबंधन कि सरकार के असली चेहरे को उजागर करेगी। केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह ने कहा कि आजसू के एक एक कार्यकर्ता समाज के प्रति समर्पित है हम झारखंड बना सकते हैं तो झारखंड चला भी सकते है। केंद्रीय सदस्य राकेश सिंह ने कहा आजसू ने झारखंड बनाया है और उसे संवारने का जिम्मा भी आजसू का है सभी लोग कमर कस लें लोगों को आजसू से उम्मीद है उसपर हम खरे उतरने का प्रयास करें।जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान ने कहा कि आजसू पार्टी झारखंड का पहला एक ऐसा पार्टी है जो जनसमस्याओं से जूड़ी किसी भी मुद्दे को उठाने में आगे रहती है यह एक संघर्षशील एवं युवा गरीब नौजवानों की पार्टी है। मौके पर आजसू पार्टी के इतिहास एवं संघर्षों पर निर्मित शॉर्ट फिल्म को आजसू के कार्यकताओं ने देखा एवं विभिन्न वक्ताओं ने अपना मंतव्य दिया।

# बारियातु में छात्र-छात्रों के बिच किया गया साइकिल का वितरण



**संवाददाता। बारियातू**

प्रखण्ड कार्यालय परिसर मे शिक्षा विभाग के सौजन्य सें उन्नति के पहिया योजना अंतर्गत अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के कक्षा 8 के छात्र छात्रों को बिच 95 साईकिल का वितरण किया गया. वितरण के पूर्व जिला परिषद सदस्य रमेश राम,प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी,

बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम एमआईएस प्रखंड समन्यवक नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित किया. साईकिल वितरण के पूर्व जिला परिषद सदस्य व प्रखंड प्रमुख ने उपस्थित छात्र छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की कामना किया. वहीं बीडीओ सह सीओ नंद कुमार ने छात्रों को कहा की आप सबों को विद्यालय जाने की सुविधा के लिए साईकिल दिया जा रहा है. मै भी एक समय छात्र था. आप सभी शिक्षा मे विशेष ध्यान दे. और आगे बढ़ें. साईकिल पाकर छात्र छात्रों ने काफी उत्साह देखा गया. साथ ही छात्र छात्राओं ने अतिथियो को धन्यवाद दिया. वही शिक्षा विभाग के प्रखण्ड (एमआईएस) समन्वयक नितीश कुमार ने बातया की कुल 1392 साईकिल वितरण किया जाना है. जिसमे राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बालूभाँग, हैरानहोपा, डकादिरी, इंदुआ, जवाबर के विद्यार्थियो के बिच साईकल वितरण किया गया. शेष विद्यालय का विधिवत भी साईकिल वितरण किया जायेगा.


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, MEDININAGAR

e-Quotation No.- WRD/MID/MEDININAGAR/01/2024-25
Letter No:- ................. Dated:- 21/06/2024

Rate through e-Quotations are invited for "Material" category annexed as (i) 5HP, 7.5HP, 10HP AC Solar pump VFD solar panel set Solar Pannel, **Steel** Structure supplying, installation & commissioning for Lift Irrigation Scheme from Manufacturer/ Supplier having valid GSTIN for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under Minor Irrigation Division, Medininagar Government of Jharkhand to be used in different Pump Plants replacement operation main tenance works shall be submitted online in the website http:/ /jharkhand tenders. gov.in.

Details of work experience and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate including taxes for the Materials online from 29/06/2024 at 2.00 PM to 15/07/2024 at 3.00 PM. The technical envelope will be opened on 16/07/2024 at 4.00 PM.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under Minor Irrigation Division, Medininagar.

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Medininagar

PR.NO.327327 Minor Irrigation(24-25):D


## धांधली

### टमुनियातरी टोला के ग्रामीण जितिया नदी से प्यास बुझाने को विवश

# सरकारी नल-जल पर गांव के दबंगों का कब्जा



**संवाददाता। कुंदा(चतरा)**

कुंदा प्रखंड मुख्यालय से महज एक किलो मीटर की दूरी पर स्थित मांझीपारा गांव टोला टमुनियातरी के ग्रामीण जितिया नदी से प्यास बुझाने को विवश हैं। गर्मी की तपिश बढ़ने के साथ ही प्रखंड में पेयजल संकट गहरा गया हैऔर प्रखंड प्रशासन के पेयजल दुरुस्त करने के सारे दावे खोखले साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार उक्त टोला में दो चापाकल और दो कुंवा है, परंतु चापाकल खराब हैं और कुंवा सुख चुंका है। इसके बावजूद विभाग के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौन धारण किए हुए हैं। ऐसे में टोले में निवास करने वाले परिवार नदी के पानी से अपनी प्यास बुझाने को विवश हैं। ग्रामीण कांति देवी, मनवा देवी, किरण देवी, पिंकी देवी, ललिता देवी, सावित्री देवी, चंचला कुमारी, अनिता कुमारी, नीरो देवी, बिना देवी आदि ने बताया की चापाकल खराब हो जाने की सूचना विभाग को दी गई परंतु बनाने की पहल नहीं हुई है। इस कारण लगभग आधा किलोमीटर दूर जितिया नदी के पानी से अपनी प्यास बुझाने के साथ नहाने, धोने व पशुपालन के लिए उपयोग करते हैं। साथ ही ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के दबंगो द्वारा सरकारी नलजल से मुहल्ले के लोगों को पानी नहीं भरने दिया जाता है। हालांकी पीड़ित ग्रामीणों ने मामले की शिकायत मुखिया एंव प्रखंड प्रशासन से किया है। ग्रामीणों का कहना है कि नल पर पानी लेने के लिए जाते हैं तो दबंगो द्वारा गाली-गलौज किया जाता है। यहां तक कि मारपीट करने पर उतारू हो जाता है। वही इस मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि इसकी सूचना हमें नहीं थी, सरकारी नलजल सार्वजनिक उपयोग के लिए है किसी व्यक्ति विशेष द्वारा कब्जा करना अवैध है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने उपायुक्त से नल-जल को सार्वजनिक उपयोग में लाए जाने की मांग की है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

e-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com

### द्वितीय शुद्धि-पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **03/2024-25** (प्रथम आमंत्रण), जिसका PR–326483 Drinking Water and Sanitation (24-25) D है, में निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है :–

| क्र0 सं0 | पूर्व का प्रकाशन | | संशोधित |
|---|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 19.06.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | 26-06-2024 समय 11.00 बजे पूर्वाहन् से |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 26-06-2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक | 02-07-2024 समय 04.30 बजे अपराहन् तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 26-06-2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक | 02-07-2024 समय 04.30 बजे अपराहन् तक |
| 5 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 27-06-2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक | 03-07-2024 समय 05.00 बजे अपराहन् से |

निविदा की नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

PR 327405 Water Resource(24-25)#D

